**खबर संक्षेप**

### दो कारतूस सहित पकड़ाये आरोपी

**शहडोल।** थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत 01 जनवरी को मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति जिन्दा कारतूस लिए घूम रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी दिव्यांश झारिया पिता रामकिशोर झारिया उम्र 24 वर्ष निवासी बरा मोहल्ला नौरोजाबाद एवं शुभम श्रीवास्तव पिता नागेन्द्र श्रीवास्तव उम्र 29 वर्ष निवासी विवेकनगर बलपुरवा न्यू बस स्टेण्ड थाना कोतवाली जिला शहडोल को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 02 अद्द जिन्दा कारतूस मिले जिन्हें जप्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध 25(27) आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विश्वनाथ तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 77 लीटर शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 01 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 11 स्थानों पर दबिश देकर कुल 77 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई।

### 13 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सीटी पुलिस द्वारा 01 जनवरी को 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने पर एवं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्यावाही की गई। साथ ही बिना कागजात के यात्री बसों को चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 13 चालानों में 3900 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### थानों की सीमाओं के पुर्ननिर्धारण के लिए सुझाव आमंत्रित

**शहडोल।** जिले में स्थानीय मांगो एवं पुलिस विभाग की आवश्यकताओं एवं अपराधों की संख्या के अनुरूप जिले में थाना एवं चौकियों की सीमा का निर्धारण किया गया है। कालांतर में स्थानीय आबादी, भौतिक संरचना एवं अपराधों के परिदृश्यों में काफी परिवर्तन आने के उपरांत भी थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण नहीं किया जा सका है, जिससे स्थानीयों को थाने पहुंचने एवं घटना घटित होने के बाद तत्काल पुलिस को पहुंचने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण करने हेतु सुझाव चाहे गए हैं।
पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों के पुर्ननिर्धारण के संबंध में आमजनों से संपर्क कर युक्तियुक्त सुझाव लेने हेतु निर्देशित किया है। शहडोल जिले के समस्त निवासी जो थाना/चौकी की स्थिति, सीमा या थाना क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में अपनी ओर से किसी प्रकार का बहुमुल्य सुझाव देना चाहते हैं, तो आप अपने निकटतम पुलिस थाना या उप निरीक्षक (अ) विजय सिंह कोर्चाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल के मोबाइल नं.- 7049156290 पर 10 जनवरी के पूर्व संपर्क कर अपना बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं।



अन्यायपूर्ण कानून वापस लेने के गूंज रहे नारे, विरोध प्रदर्शन जारी

# हिट एण्ड रन के विरोध में सड़क परिवहन बंद, ड्रायवर हड़ताल पर

शहडोल। ट्रक ड्रायवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर जिले में भी पूरी तरह से दिखाई पड़ रहा है। सड़क परिवहन पूरी तरह से बंद है, डीजल पेट्रोल के लिए वाहनों की भीड़ लगी हुई है। धान का उठाव बंद पड़ा है। मुख्यालय में विरोध से लेकर कोयलांचल सोहागपुर तक वाहनों का जमावड़ा और प्रदर्शन निरंतर जारी



है। ड्रायवरों द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए हिट एण्ड रन कानून के विरुद्ध ट्रक ड्रायवरो व बस ड्रायवरों द्वारा एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल चलाई जा रही है। जिसमें सड़क परिवहन पूरी तरह ठप्प पड़ गया है। मालवाहकों और सवारी वाहनों के पहिए जाम हैं। चालक मांग कर रहे हैं कि कानून में सम्यक रूप से संशोधन किया जाए। उनका कहना है कि कानून न्यायसंगत नहीं है। सरकार कानून के बहाने दमन चक्र चलाने का प्रयास कर रही है।

### कलेक्टर ने कहा धान उठाओ

ट्रकों की हड़ताल का असर धान के उठाव पर भी पड़ रहा है। जिले के लगभग सभी धान उपार्जन केन्द्रों में ट्रकों की पहुंच नहीं होने के कारण धान का उठाव और परिवहन नहीं किया जा रहा है। किसानों द्वारा लाई जा रही धान का अम्बार लगता जा रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने एसपी, एएसपी और एडीएम के साथ उपार्जन केन्द्र अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।

### बसों का लगा जमावड़ा

शहडोल नगर से रोजाना दो सौ से भी अधिक बसों का आवागमन होता था, जो कि इस समय ठप्प पड़ा हुआ है। बस स्टैण्ड परिसर में दर्जनों बसें खड़ी देखी जा रहीं हैं। कोई भी बस यात्रियों को लेकर रवाना नहीं हो रही है। सभी ड्रायवर आंदोलन में शामिल हैं, ट्रक का कानून बस चालकों पर भी लागू होगा। इसलिए बस चालकों ने भी समर्थन किया है। इसी तरह बस स्टैण्ड के आसपास ही टैक्सियों का भी हुजूम देखा जाता है।

### विरोध प्रदर्शन जारी है

शहडोल के साथ अन्य नगरों में भी प्रदर्शन चल रहा है। बुढ़ार नगर के कई स्थानों में ट्रकों की लम्बी कतारें देखी जा सकती हैं। जगह जगह वाहनों का जमावड़ा लगा हुआ है। अमलाई चौक बुढ़ार में ट्रक एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन आदि की ओर से लगातार प्रदर्शन और उदबोधन दिए जा रहे हैं। संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार उन पर दमनचक्र चलाने का प्रयास कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक ओर ड्रायवर अपनी मांग पर अड़े हैं और दूसरी ओर वार्ता के लिए द्वार खुलते दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।





### कोयलांचल में व्यापक प्रदर्शन

सर्वाधिक विरोध प्रदर्शन एसईसीएल सोहागपुर मुख्यालय के सामने दिखाई पड़ा। भारी वाहनों के ड्राइवर और अन्य कर्मचारियों द्वारा जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में कालरी के ट्रक, डंपर, हाइवा व अन्य भारी मशीनों तथा वाहनों के ड्रायवर अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। कालरी का सड़क परिवहन भी लगभग पूर्णतया प्रभावित है और ड्रायवर सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ प्रदर्शन कर अपनी मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है

केन्द्र और प्रदेश स्तर से वार्ताओं के प्रयास किए जा रहे हैं, अगर वार्ता होती है और कोई अनुकूल परिणाम सामने आता है तो हड़ताल स्थिगित कर दी जाएगी अन्यथा विरोध जारी रहेगा।

**मो. जकरिया**
**संभागीय अध्यक्ष**
**ट्रक आनर्स एसोसिएशन**
**शहडोल (मप्र)**

# अधिवक्ता संघ ने मनाया नव वर्ष मिलन समारोह

**शहडोल।** जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन ने कहा कि न्याय दान की कड़ी में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका है, जिले के अधिवक्ताओं ने पूर्व वर्ष में भी आवश्यक सहयोग दिया और उन्हें विश्वास है कि वर्ष 2024 में भी अधिवक्ता गण न्यायिक प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देंगे और उन्होंने अधिवक्ताओं को इस अवसर पर नव वर्ष की बधाई देते हुए शुभकामनाए व्यक्त की। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल एडवोकेट ने जिला न्यायालय के न्यायाधीशो व अधिवक्ताओ को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि नव वर्ष में अधिवक्ताओं को अपने पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए आज संकल्पित होना चाहिए और उन्हें विश्वास है कि अधिवक्ता गण न्यायिक दायरे में रहकर अपने-अपने पक्षकारों के लिए हितों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इस अवसर पर शासकीय लोक अभियोजक सुरेश जेठानी, गिरीश श्रीवास्तव एडवोकेट ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार द्विवेदी को प्रतिभा शाली व्यक्तिव का सम्मान पत्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन ने दिया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आर. एन. तिवारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार नापित ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता रविन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार सराफ ने न्यायधीश गण, अधिवक्ताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की।



कार्यक्रम के दौरान विशेष न्यायाधीश बीएल प्रजापति, कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश प्रतिभा साठवणे, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमोद आर्य, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश संदीप सोनी, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रिवेन्द्र कुमार सेन, प्रीति साल्वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मधुसूदन जंघेल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, अंजय कुमार सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, ऋषभ डोनल सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, प्रशिक्षु न्यायाधीश दीप्ती चौहान, मानसी सिंगोदिया, अपेक्षा पाटीदार, को पुष्प गुच्छ भेंट किए जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के, सचिव सतीश पाठक, सह सचिव शिवनारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा, कार्यकारिणी सदस्य मनोज गुप्ता, शासकीय अधिवक्ता गौतम राज, वरिष्ठ अधिवक्ता रामविश्नु गुप्ता, खूबचंद अग्रवाल, नरेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र सोनी, राजेश मिश्रा, मंजुला तिवारी, आशा पांडे, अनिल गुप्ता, शरद उदानिया, अनिल तिवारी, समीर अग्रवाल, चंद्रसेखर साहू, अशोक तिवारी, अजीत तिवारी, राजबहादुर सिंह, अतीक खान, प्रकाश सोनी, अजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के सचिव सतीश पाठक ने किया।

# मध्य प्रदेश बास्केटबॉल टीम में नगर के 4 बालक, 2 बालिका का हुआ चयन

**शहडोल।** 67वीं शालेय राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में खेलने जा रहे मध्य प्रदेश टीम के खिलाड़ियों को डी.सी. सागर एडीजीपी शहडोल जोन, सहदेव सिंह मेरावी संयुक्त संचालक शिक्षा, फूल सिंह मारपाची जिला शिक्षा अधिकारी, रईस अहमद सहायक संचालक खेल, एनआईएस फुटबॉल कोच, इंद्रपाल चौधरी जिला खेल अधिकारी, के. के. श्रीवास्तव बास्केटबॉल कोच ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीतने का आशीर्वाद दिया। साथ ही एडीजीपीने खिलाड़ियों को कहा सफलता पाने के लिए कोशिश हमेशा करते रहना चाहिए क्योंकि कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल टीम में 4 बालक, 2 बालिका शहडोल की खेल रही है। राष्ट्रीय शालेय,आयु वर्ग 14 वर्ष बालक, 17 वर्ष बालिका, बास्केटबॉल प्रतियोगिता क आयोजन राजनांदगांव ,(छत्तीसगढ़) में 4 से 7 जनवरी तक आयोजित होगी। जिसका फ्री नेशनल कोचिंग कैंप शहडोल में 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक आयोजित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त व्यवस्थाएं की गई है, 3 जनवरी को टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलने के लिए रवाना हुए। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ी 17 वर्ष बालिका सृष्टि गुप्ता, दिशी त्रिपाठी, जिया खान, खुशी त्रिपाठी, शहडोल संभाग, ईशानी साहू, आयुषी यादव, रौनक अफरोज, जबलपुर संभाग, आन्या माहेश्वरी, वैष्णवी गुप्ता, इंदौर संभाग अलंकृता सोलंकी, उज्जैन संभाग निकिता मिश्रा ,भोपाल संभाग दृष्टि शुक्ला, ग्वालियर संभाग। कोच के. के. श्रीवास्तव।इसी तरह 14 वर्ष बालक में चयनित खिलाड़ी हर्ष चक्रवर्ती, सूर्यभान गुप्ता शहडोल संभाग, सीतांशु कुशवाहा, हरीश सिंह, विवेक तोमर, देव द्विवेदी ग्वालियर संभाग, सौर तनेजा धर्म सिंह सिसोदिया इंदौर संभाग, हम्ज़ा अली खान, ओम प्रताप सिंह भोपाल संभाग, रणवीर शर्मा उज्जैन संभाग, सक्षम ओझा जबलपुर संभाग, दृष्टि शुक्ला ग्वालियर संभाग, कोच मनोज तोमर ग्वालियर हैं।



# रीवा ने 44 रनों से जीता मैच

**शहडोल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही तीन दिवसीय अंतर संभागीय बालक 15 वर्ष एमएम जगदाले ट्रॉफी आज दूसरा दिन शहडोल और रीवा के मुकाबले में शहडोल ने रीवा के 175 रनों के जवाब में शहडोल ने अपनी पहली पारी में 131 रन बनाकर ऑल आउट हुई, जिसमें शिवसागर यादव ने 55 रनों का योगदान दिया। इस प्रकार रीवा की टीम को 44 रनों की बढ़त हासिल हुई, वहीं गेंदबाजी करते हुए रीमा रीवा के कृष्ण वर्मा ने पांच विकेट हासिल किया एवं दूसरी पारी में रीवा ने आज के दिन की समाप्ति तक बिना किसी नुकसान के 52 रन बनाए इस प्रकार रीवा की कुल बढ़त 96 रनों की हो चुकी है, वहीं महात्मा गांधी स्टेडियम में चल रहे जबलपुर और इंदौर के मध्य मैच खेला गया जिसमें जबलपुर की टीम ने अपने कल के स्कोर 269 रन से आगे खेलते हुए अपनी पारी में 402 रनों पर डिक्लेअर की एवं समाचार लिखे जाने तक इंदौर की पहली पारी में 140 रन बनाकर चार विकेट गिर चुके हैं कल इस प्रतियोगिता का अंतिम दिन जो की प्रातः 9:30 बजे से दोनों ही मैदाने में प्रारंभ होगी।

# शिक्षिका ने पेश की मिसाल

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को वेतन से बांटे गर्म कपड़े

**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड नम्बर-04 में स्थिति शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवरी की शिक्षिका ने बच्चों को कड़कड़ाती ठंड से राहत दिलाते हुए मानवता की मिसाल पेश की है, शिक्षिका ने बच्चों को ठंड से बचाने के लिये शासन के द्वारा दी जाने वाली राहत और स्थानीय समाजसेवियों पर सामाजिक संस्थाओं की पहल का इंतजार किये बिना ही बच्चों को राहत दिलाने के लिये अपने वेतन से बच्चों के लिये नये स्वेटर और टोपे क्रय कर उन्हें नये साल का तोहफा दिया है। इतना ही नहीं विद्यालय की शिक्षिका नम्रता तिवारी तथा गीता पाण्डेय ने बच्चों को पाठ्य सामग्री में पेंसिल और चाकलेट भी दिये, यह पहला मौका था जब दशकों से संचालित शासकीय विद्यालय के बच्चों को इस तरह के उपहार मिले हैं।



**बच्चों के चेहरे में आई खुशी**

अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड नम्बर-04 की पार्षद श्रीमती रंजना सोनी के अलावा संकुल प्राचार्य श्रीमती फानुस जमाल, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश तिवारी के अलावा बीआरसी विष्णु मिश्रा मौके पर उपस्थित थे। स्थानीय स्व सहायता समूह के सदस्य भी इस दौरान उपस्थित रहे। श्रीमती तिवारी ने कहा कि आज बच्चों को स्वेटर और टोपे मिलने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था, भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रम सामाजिक सहयोग से आयोजित किये जाएंगे, हमारा उद्देश्य है कि सरकारी विद्यालयों की तरफ अभिभावकों का रुझान बढ़े और शासन से मिलने वाली तमाम सुविधाएं बच्चों को मिले, जिससे बच्चों की संख्या में इजाफा हो सके।

# सरस्वती स्कूल के व्यवस्थापक मनोनित हुए संतोष लोहानी

**शहडोल।** सरस्वती शिक्षा परिषद मध्य प्रदेश महाकौशल प्रांत द्वारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के संचालन हेतु समाजसेवी इंजीनियर संतोष लोहानी का तदर्थ समिति में व्यवस्थापक, सचिव पद पर मनोनयन किया है। इसके साथ ही नवीन कार्यकारिणी में सरक्षक महेंद्र सराफ, अध्यक्ष श्रीमती भारती गुप्ता व्यवस्थापक/सचिव संतोष कुमार लोहानी उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सह व्यवस्थापक विष्णुकांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह सहित सदस्य रोहित सिंह भदौरिया, आलोक मरावी, अनुराग वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, अजीत श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया है। ईष्ट जनों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की है कि आप सभी के कुशल मार्गदर्शन से विद्यालय के विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।



# श्रीराम रथ यात्रा का किया गया समापन

**शहडोल।** नगर के बुढ़ार में स्थिति राम जानकी मंदिर परिसर में नये वर्ष के अवसर में टेम्ट फाउंडेशन की सदस्य श्रद्धा सिंह के मार्गदर्शन में श्री राम रथ यात्रा का आयोजन सम्पन्न कराया गया, साथ ही महिला सशक्तिकरण व नगर को साफ व स्वच्छ रखने का संदेश आमजन में दिया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर परीषद बुढ़ार की अध्यक्ष शालिनी सरावगी मौजूद रहीं। रथ यात्रा का समापन राम जानकी मंदिर में किया गया। इस यात्रा में लगभग 30-40 भक्त गण शामिल हुए। श्रद्धा सिंह ने महिला सशक्तिकरण विषय पर आम महिलाओं को जागरूक किया। अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने बताया कि रथयात्रा में महिलाओं की संख्या अधिक देखकर मैं बहुत खुश थी, रथयात्रा की सफलता स्वयं ही महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। जहां एक ओर महिला सशक्तिकरण पर महिलाओं को जागरूक किया गया, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद ब्रांड एम्बेसडर साक्षी सिंह राजपूत द्वारा साफ सफाई स्वच्छता पर महिलाओं को जागरूक किया गया। साक्षी सिंह राजपूत ने बताया कि हमारी टीम निरंतर प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान कर रही है और प्लास्टिक के रियुज रीसाइक्लिंग वा रिड्यूस के प्रति लोगो को जागरूक करती रहती है हमारी सक्रिय सदस्य आयुषी जैन ने हमारे सम्पूर्ण अभियान मे अपना अभुतपूर्व योगदान दिया है।

**ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई के स्वामित्व एवं कब्जे की निम्न भूमियों का विक्रय किया जाना है**

1. ग्राम झगरहा स्थित भूमि खसरा नंबर 1388 रकबा 5.12 एकड़, 1397 रकबा 3.70 एकड़, भूमि बेचना है, 1404 रकबा 4.31 एकड़ एवं इनसे लगी हुई भूमि, जो बुढ़ार चचाई मार्ग पर अमराडंडी रेल्वे कासिंग के पास से इंदिरा नगर रेलवे क्रासिंग के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित है। 2. ग्राम झगरहा स्थित भूमि खसरा नंबर 941 रकबा 2.00 एकड़ (नगर परिषद कार्यालय, बकहो के पीछे), 3. ग्राम झगरहा स्थित खसरा नंबर 1295 से खसरा नंबर 1355 तक लगभग 21 एकड़ भूमि (ओपीएम स्टेट बैंक से इंटा भट्टा मार्ग पर), 4. ग्राम बरगवां स्थित खसरा नंबर 184 रकबा 13.32 एकड़, खसरा नंबर 191 रकबा 16.50 एकड़, खसरा नंबर 363 रकबा 29.93 एकड़ (डेयरी फार्म के पास से सिद्ध बाबा पहाड़ी तक, अमलई केल्होरी मार्ग पर)।

इच्छुक व्यक्ति अपने प्रस्ताव दिनांक 20.01.2024 तक ''सहायक उपाध्यक्ष, वित्त एवं लेखा, ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई, जिला शहडोल (म.प्र.) 484117'' पर भेजें। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7987137209 पर संपर्क करें। कृपया अपने प्रस्ताव मे खसरे में स्थित संपूर्ण भूमि के लिए प्रति एकड़ की दर से राशि दर्शाएं।

**ओरियण्ट पेपर मिल्स, अमलाई**

## संचालित करने की समस्या, करोड़ों का व्यय बेकार

# सार्वजनिक शौचालयों के न ताले खुले न उपयोग हो रहा

शहडोल। स्वच्छतापूर्ण पद्धति से निस्तारी सुविधा के संदर्भ में जन जन को जागरुक करने के उद्देश्य से सरकार ने वर्षो पहले सार्वजनिक पक्के शौचालयों का निर्माण करा करोड़ों रुपए फूंक दिए लेकिन इन शौचालयों का आज तक उपयोग नहीं हो सका।




आलम यह है कि ग्रामपंचायतों में शौचालय कक्ष बनने के बाद से उनमें जो ताला पड़ा कि फिर आज तक नहीं खुला। कमरे बनवाकर पैसा तो फूंक दिया लेकिन अब इतनी कूबत नहीं है कि इन शौचालयों का संचालन किया जा सके। जिले भर की सभी लगभग 390 पंचायतों में निर्माण हुआ और करोड़ों का धन खर्च हुआ। शासन इन शौचालयों के माध्यम से आय का भी स्रोत निर्मित करना चाहता था।

### यह था शौचालय का उद्देश्य

शौचालयों का निर्माण कराने के बाद उसे राहगीरों के लिए खोला जाना था। एक तरह से इसका उपयोग सुलभ कॉम्पलेक्स की तरह उपयोग किया जाना था। लोग इधर उधर खुली जगह में गंदगी नहीं करें और सुरक्षित जगह का उपयोग कर उसका मूल्य चुकाएं। दूसरी ओर निस्तारी सुविधा देने वाले कुछ शुल्क लेकर उसे उपयोग करने दें। इससे एक ओर तो आय का साधन तैयार होगा और दूसरी ओर लोगों की आदत में सुधार होगा। वे खुली जगह का इस्तेमाल करने से बाज आएंगे।

### अभी तक रूपरेखा तय नहीं

ग्रामपंचायतों में अभी तक यह तय नहीं हो पाया कि शौचालयों का संचालन किसके सुपुर्द किया जाए। पहले प्रयास किया गया कि स्वसहायता समूहों को इन्हे सौंप दिया जाए। लेकिन समूहों ने इसे लेने से इंकार कर दिया, तब से यह अधर में लटक गया। समूहों ने इसके संचालन में अपनी असमर्थता जतायी। इसमें सबसे बड़ी असुविधा सफाई की है, पंचायतों में सफाई कर्मी नही मिलते हैं। शौचालयों की सफाई कौन करेगा यही अहम मसला है। शौचालयों का संचालन मुख्यतया पानी की उपलब्धता और सफाई सुविधा पर निर्भर करता है। ग्रामपंचायतों में दोनों की कमी है।

### एकांत में बने शौचालय

शौचालयों का निर्माण आवाजाही वाले स्थलों में राहगीरों की सुविधा के लिए कराया जाना था। लेकिन चूंकि पंचायतों में सरकारी जगह मौके पर नहीं मिल सकी, इसलिए जहां कोने एकांत में जगह मिली शौचालय बनवा दिए गए। ऐसी जगहों में निर्माण कार्य तो करा दिया गया लेकिन निस्तार करने वालों की आवक जावक ही नहीं है, शौचालय किसके लिए खोले जाएंगे। इसके अलावा इन शौचालयों में पानी की भी विशेष व्यवस्था नहीं है। एक अड़ंगा यह भी है। इस तरह आज तक शौचालयों के ताले नहीं खुले। शौचालय धीरे धीरे जर्जर होते जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सब इंस्पेक्टर सारिका की पदोन्नति पर एसपी ने लगाया स्टार



**उमरिया।** मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभाग के द्वारा मध्य प्रदेश के सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति की गई है। जिसमें उमरिया जिले से सब इंस्पेक्टर सारिका शर्मा की भी पदोन्नति इंस्पेक्टर के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के द्वारा इंस्पेक्टर के रूप पदोन्नति हुई सारिका शर्मा को स्टार लगाकर सम्मानित किया है।

### 26 से होगा बीसीजी टीकाकरण अभियान का प्रारंभ



**उमरिया।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले को वर्ष 2025 तक क्षय मुक्त जिला बनाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य चिकित्साक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा तथा क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. मुकुंद तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत 18 साल से अधिक उम्र के ऐसे लोग जिन्हें डायबिटिज है, स्मोकर है, कुपोषित है, टीबी मरीज है को ये टीके लगाए जाएंगे। बैठक में डॉ.ऋचा गुप्ता, बीएमओ करकेली, पाली एवं मानपुर, रोहित सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित रहे ।

### जिले में 590986.83 क्विटल हुई धान खरीदी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने बताया कि जिले में धान उपार्जन का कार्य 42 खरीदी केन्द्रों में किया जा रहा है। जिले मे आज दिनांक तक 10198 किसानों से 590986.83 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है । धान खरीदी का कार्य 19 जनवरी तक किया जाएगा।

### प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में थाना यातायात उमरिया द्वारा शहर में ध्वनि प्रदूषण करने एवं वाहनों पर अनाधिकृत साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए विगत दिनों में बस क्रमांक एमपी 13 पी 1959, एमपी 18 जेडबी 6968, एमपी 54 पी 020, एमपी 18 पी 0511, सीजी 04 ई 2024, एमपी 13 पी 2024, एमपी 18 पी 0282, एमपी 54 पी 0212, एमपी 18 पी 7786, सीजी 04 एनआर 1577, एमपी 21 पी 0781, एमपी 13 पी 8844, एमपी 13 पी 7733, एमपी 17 पी 1525, एमपी 12 पी 0336, सीजी 08 एम 0426 उपरोक्त कुल 16 बसों में लगे प्रेसर हॉर्न को निकलवाया गया एवं बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 54 जेडए 0844, एमपी 54 एमडी 2243 के मोडीफाइड साइलेंसर को निकलवाया गया। समस्त वाहन चालकों को भविष्य में अपने वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करने एवं यातायात के नियमों का अनिवार्यतः पालन करते हुए वाहन चलाने की समझाइश दी गई। कार्यवाही में थाना थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक चंद्र कुमार तिवारी एवं यातायात स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# ड्रायवर महासंघ के घोषित हड़ताल का आम जन जीवन पर प्रभाव नहीं पड़े : कलेक्टर



**उमरिया।** ड्रायवर महासंघ व्दारा घोषित हड़ताल का आम जन जीवन पर प्रभाव नही पड़े, उन्हें रोजमर्रा की आवश्यकताओं की निर्वाध आपूर्ति बनी रहे इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा जिले के व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, सब्जी विक्रेताओं, किराना विक्रेताओं, टैक्सी चालक संघ, डीजल एवं पेट्रोल पंप संचालकों से भी सहयोग की अपेक्षा है। कलेक्टर ने यह बात गत दिवस ड्रायवर महासंघ व्दारा घोषित हडताल को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर ने कहा कि हड़ताल के दौरान आवश्यक सामग्री की आपूर्ति बनीं रहें, इसके लिए लगातार राज्य शासन तथा जिन स्थानों से डीजल, पेट्रोल परिवहन किया जाता है, के प्रबंधन से संपर्क में है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के दौरान संयम रखें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सीधे मोबाइल पर सूचना दी जा सकती है। उन्होने व्यापारियों से अपील की है कि वे हड़ताल के दौरान वस्तुओ की कीमते बढ़ाकर या कमीं बताकर अनुचित लाभ लेने का प्रयास नही करें, अन्यथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि असामान्य स्थिति में आम आदमी को असुविधा नही हो, उनकी जरूरतों की सामग्री की आपूर्ति बनीं रहें इसके प्रयास का दायित्व हम सबका है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के दौरान सभी लोग धैर्य का परिचय दें। किसी से भी असम्मानजनक तरीके से बात नही करें। सामग्री आपूर्ति की कमीं होने या हड़ताल करने वाले लोगों या अन्य कारणों से भीड जमा होने पर संबंधित पुलिस थानों अथवा सीधे पुलिस अधीक्षक को मोबाइल नंबर 8989095741 पर सूचित कर सकते है ।
बैठक में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, जिला परिवहन अधिकारी संतोष पाल, कैट के अध्यक्ष कीर्ति सोनी, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष रतन खण्डेलवाल, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष योगेश खण्डेलवाल, सप्पू भाईजान, सब्जी विक्रेता संघ, टैक्सी चालक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी तथा अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह ने जिला अधिकारियों के साथ जिले भर से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण भी कराया। जिला मुख्यालय उमरिया के वार्ड नंबर 19 की पार्षद पूजा सिंह ने शिक्षक व्दारा किए गए अतिक्रमण को हटाने, ग्राम महरोई से आए रूपा बर्मन ने रोजगार दिलाने, ग्राम पडवार से आए राम प्रकाश गौतम ने शासकीय उमावि पड़वार के प्राचार्य व्दारा अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करनें, ग्राम मुडगुडी से आए विश्वनाथ व्दिवेदी ने स्वयं के खर्च से लगवाएं गए ट्रांसफार्मर से गांव के कुछ लोगों व्दारा विद्युत चोरी करनें, ग्राम ताला से आई ललिता पांडे ने बाघ व्दारा गाय का शिकार करने पर वन विभाग से मुआवजा दिलाने तथा चंदिया से आए धनपत चौधरी ने जमीन का सीमांकन एवं नक्सा तरमीम कराने संबंधी आवेदन दिया ।

# नये वर्ष के आगाज के साथ ही नगर में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी





### विभिन्न मांगों को लेकर किया चकाजाम

**कोतमा।** नये वर्ष के आगाज के साथ ही नगर में राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ी गई है। नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 जो में स्थित सड़क जो थाने के सामने से विकास नगर तहसील रोड जाने वाली मुख्य सड़क जो कि विगत कई माहो से जर्जर एवं बदहाल हो चुकी थी। जर्जर सड़क के कारण आए दिन सड़क में दुर्घटना होने के साथ वार्ड वासियों को धूल डस्ट की असुविधा का सामना करना पड़ता रहा जिसको लेकर वार्ड वासी लगातार सड़क के निर्माण कराए जाने की मांग नगर पालिका परिषद एवं सीएमओ से कर रहे थे। सड़क न बनने को लेकर वार्ड वासियों द्वारा चक्का जाम की चेतावनी भी दिए थे। 2 जनवरी मंगलवार को वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के रहवासियों ने तहसील रोड पुलिया के पास सड़क को सुबह 10 बजे जाम कर दिया। सड़क जाम होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया सूचना पर स्थानीय प्रशासन हरकत में आया एवं मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ,तहसीलदार ईश्वर प्रधान, सीएमओ प्रदीप झरिया थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। जहां पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पुर्ष्पेंद्र जैन, विजय पांडे, पूर्व पार्षद देवशरण सिंह नशीरूदीन, नरेंद्र सिंह, बद्री ताम्रकार, संतोष गुप्ता सहित वार्डवासी शामिल रहे। जहां एक तरफ वार्डवासी तहसील रोड पुलिया के पास सड़क को जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार के द्वारा थाने के सामने सड़क पर निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया था। 2 घंटे तक चले प्रदर्शन एवं हंगामा के बीच आखिरकार तय हुआ कि सड़क का निर्माण चल रहा है जिसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा एवं उच्च श्रेणी के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में सड़क का कार्य कराया जाएगा तब जाकर वार्ड वासियों के द्वारा सड़क पर लगाए जाम को हटाया गया। सड़क जाम होने के कारण तहसील न्यायालय सहित जमुना भालूमाडा से कोतमा एवं न्यायलय, तहसील जाने वाले वाहन चालक परेशान होते रहे।

### इनका कहना है

सड़क की स्थिति जर्जर है जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। जल्द सड़क बनकर तैयार हो जायेगी।

**प्रदीप झरिया, सीएमओ**
**नगर पालिका कोतमा**

## मतदाता सूची की शुचिता का समस्त दारोमदार बीएलओ पर : कलेक्टर



उमरिया। भारत निर्वाचन आयोग व्दारा मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है । मतदाता सूची की शुध्दता पर मतदान का प्रतिशत तय होता है। मतदाता सूची जितनी शुध्द होगी। मतदान उतना ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगा। मतदाता सूची की शुध्दता की जवाबदारी संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओं की होती है। सभी बीएलओं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए शुध्द मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में जुट जाएं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुध्देश कुमार वैद्य ने कलेक्टर सभागार में आयोजित बीएलओं प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले मे रिकार्ड मतदान हुआ । जिसका श्रेय जिले के मतदाताओं, बीएलओं , पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित मैदानी अमलें तथा खण्ड एवं जिला स्तरीय टीम व्दारा चलाये गये जागरूकता अभियान को जाता है। जिले के धूपखड़ा मतदान केंद्र में शत प्रतिषत मतदान हुआ जिससे जिले को राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति मिली। इस दौड़ में कुछ मतदान केंद्र थोड़ा पीछे रह गये, इससे हमे हतोत्साहित नही होना है, बल्कि लक्ष्य बनाकर सफलता के लिए और अधिक प्रयास करने होगे तथा पुरानी कमियों को दूर करना होगा। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओं घर-घर संपर्क करें जो मतदाता वहां निवास नही कर रहे हो, उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। इसी तरह जिन मतदाताओं के नाम एक स्थान से अधिक, मतदान केंद्रों में हो, उनके नाम हटाये जाए तथा जिनके नाम रिपीट हो गये हो, उन्हें भी सुधारा जाए। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन में जिले का मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अभी से प्रयास किए जाने चाहिए। जिन मतदान केन्द्रों में 500 से कम मतदाता हो वहां शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने कहा कि जो शासकीय सेवक जहां पदस्थ है उनके नाम जहां पर पदस्थ है वहीं स्थानांतरित कर दिये जाए। एक-एक मतदाता का सर्वेक्षण घर-घर करके सूची तैयार की जाए। आपने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोग के नियमों से अवगत कराया तथा शांकाओ का समाधान भी किया ।

## लोगो के जीवन में खुशहाली लाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य : अनुजा

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओ की जानकारी जनता तक पहुचाना है। इस यात्रा का मुख्य उददेश्य लोगो के जीवन मे खुशहाली लाना है। जो पात्र व्यक्ति किसी कारण वश योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये है, वे योजना का लाभ पाने के लिए काउंटर पर जाएं और संबंधित योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। उक्त आशय के उदगार जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने ग्राम पंचायत पतौर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में किसानों को आधुनिक यंत्र उपलब्ध कराये जा रहे है, ताकि खेती किसानी लाभ का धंधा बन सके। महिलाओ को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला योजना के माध्यम से गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने आव्हान किया कि वे भी आगे आये और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ उठाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं सरस्वती जी तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य रोशनी सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्पल यात्रा के तहत आयोजित शिविर के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है, उसका सभी जन लाभ उठायें। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े लोगो की चिंता की और विभिन्न योजनाओ का संचालन किया है । एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 26 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान नगर से ग्राम स्तर तक शिविर आयोजित किए जा रहे है, एवं हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किया जा रहा है । सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाओं का संचालन किया है, आगें बढ़कर उसका लाभ उठाएं, और तरक्की के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे ।

# फुलकोना क्रिकेट ग्राउंड में अंतरर्ज्यीय क्रिकेट टूनर्मिंट का आयोजन संपन्न



**कोतमा।** ग्राम सेमरा फुलकोना क्रिकेट ग्राउंड में अंतर्राज्जीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। ग्राम सेमरा फुलकोना के बीच बने ग्राउण्ड में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन कराया गया। फाइनल मैच खोंगापानी और कोरजा की क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। खोंगापानी की टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया वही कुरजा की टीम को उप विजेता का खिताब मिला। विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा 5100 रुपये की नगद राशि व विजेता कप प्रदान कर और उप विजेता टीम को भी नगद राशि व उप विजेता कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियो द्वारा सेमरा फुलकोना के बीच बने ग्राउण्ड में स्टेडियम बनवाये जाने की मांग की गई। फाइनल मैच मे भारी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# चोरों ने राजेन्द्रा खदान में किया नव वर्षाभिनन्दन

## पुलिस की सुस्ती और प्रबंधन, सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद

नव वर्ष में बीती रात्रि एक बार फिर 20 से अधिक व्यक्तियों वाले चोर गिरोह ने राजेंद्रा भूमिगत खदान में कथित चोरी को वारदात को अंजाम दिया। इन चोरों के गिरोह का आका आखिर कौन है, किसके द्वारा संरक्षण प्राप्त होने के दम पर इतनी बड़ी संख्या में संगठित होकर वह वारदात को अंजाम देते हैं।





धनपुरी।

इस सवाल का पुख्ता जवाब तो फिलहाल किसी के पास नहीं है लेकिन अटकलबाजियों का दौर जारी है जिसके आधार पर शक की सुई न सिर्फ कालरी प्रबंधन, पुलिस बल्कि आसपास के तथाकथित धन्ना सेठों की ओर रह रह कर घूमती हुई नजर आती है क्या पुलिस और प्रशासन इन तथाकथित आकाओं का पर्दाफाश कर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही कर पाएगा यह सवाल आम जनमानस को बार-बार उद्वेलित कर रहा है। सोहागपुर कोयलांचल की भूमिगत खदानों मैं 20-30 लोगों की संख्या में गिरोह बनाकर प्रवेश करते, चोरी नहीं सरेआम डकैती डालते और निकल जाते हैं। पुलिस थाने में प्रबंधन द्वारा इन घटनाओं की जानकारी कराई जाती है, कभी-कभी एफआईआर नहीं भी दर्ज कराई जाती और कालरी प्रबंधन का बेशकीमती लोहा, तांबा, मशीनरी के पाट्र्स आदि कबाड़ के नाम पर पार कर दिए जाते हैं लेकिन उन पर कभी कोई प्रभावी नहीं हो सकी।"

जिले के खैरहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहागपुर कोयलांचल के राजेन्दा भूमिगत माइंस में बीती रात्रि को तकरीबन 20 से अधिक की संख्या वाले चोरों के गिरोह द्वारा खदान में प्रवेश कर खदान में मौजूद कीमती पाट्र्स की चोरी करते हुए लगभग जीआई पाइप जो खदान के लिए लाया गया था अज्ञात चोर ले उड़े।

कोयला खदानों में खैरहा, राजेंद्रा भमिगत और दामिनी भूमिगत माइंस अंतर्गत खैरहा थाना चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक से कोयला खदानों के खान प्रबंधकगण परेशान देखे जा रहे हैं आए दिन खदानों में खदानों से कीमती कलपुर्जों, केबिल कापर तार जो काफी महंगी होती है चोरी की जाती है। अज्ञात चोरों के द्वारा तीनों खदान में आए दिन चोरी को अंजाम दिया जा रहा है खदान की बाउंड्री वाल को छलनी कर दिया गया है और उसे जगह जगह तोड़कर खदान में प्रवेश कर जाते हैं।

### पुलिस सुस्त, चोर चुस्त

खदान मांइस थाना से लगा हुआ है फिर भी आए दिन खदान मे चोरी होती है। कालरी प्रबंधन इतना परेशान हो गया कि आए दिन केबल,कीमती पाट्र्स पाइप चोरी से प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। चोरी होने पर प्रबंधन द्वारा खाने में वारदात की रिपोर्ट लिखाई जाती है फिर भी चोरी पर अंकुश न लगने से प्रबंधन का काफी समय माइंस की सुरक्षा व्यवस्था में लग जाता है। अब तक कई बार खैरहा और राजेंद्रा, दामिनी भूमिगत माइंस में चोरों द्वारा संगठित होकर वारदात को अंजाम दिया जा चुका है, जिसकी सूचना समय-समय पर थाने को दी गई लेकिन मजाल क्या है कि एक बार भी पुलिस ने चोरों को पकड़ने या उन्हें नियंत्रित करने की दिशा में कोई भी कदम उठाया हो।

### सिक्योरिटी यानि हाथी का दांत

सभी कोयला खदानों के साथ ही प्रमुख स्थानों पर सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था होने के बाद भी अंडरग्राउंड खैरहा,तो कभी राजेंद्रा,और दामिनी खदान से कबाड़, केवल, कीमती कलपुर्जे की चोरी आए दिन हो रही है। चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है । चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसईसीएल एवं एरिया प्रबंधन द्वारा नियुक्त सिक्योरिटी अमला हाथी दांत साबित होते नजर आ रहा है क्योंकि सिक्योरिटी है तो जरूर लेकिन वह किसी काम की नहीं यही वजह है कि चोर बेखौफ चोरी कर रहे हैं और उन पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। कालरी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए कंपनी द्वारा बाकायदे प्राइवेट कंपनी को सिक्योरिटी का ठेका दिया गया है जिसके गार्ड ड्यूटी का उपक्रम करते देखे जाते हैं। वह कैसे और क्या ड्यूटी करते हैं इसका प्रमाण खोजने की आवश्यकता इन वारदातों के मद्देनजर हरगिज़ नहीं है। इन सिक्योरिटी गार्ड और सुरक्षा एजेंसी की निगरानी के लिए एसईसीएल सोहागपुर एरिया मैनेजमेंट के अधिकारी बैठे हैं जो अपनी ड्यूटी के प्रति शायद ईमानदार नहीं हैं अथवा चोरों और उनके आकाओं के प्रति इन अधिकारियों का आगाध स्नेह ही माना जाएगा जिसके कारण इन गतिविधियों पर रोक नहीं लग पा रहे हैं या इसके लिए ईमानदारी से प्रयास ही नहीं किए जा रहे हैं।

### सारे इंतजाम बेकार

कोयला खदानों में आए दिन होने वाली चोरी की वारदात और उस पर नियंत्रण लगाने की दिशा में पुलिस और प्रबंधन के असफलता के चलते कंपनी को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है खदानों की सुरक्षा के लिए तैनात कालरी के सुरक्षा गार्ड, चोरी रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। सोहागपुर एरिया के महाप्रबक,खदानों की सुरक्षा के नाम पर कंपनी लाखों रुपए की राशि सुरक्षा के नाम पर दी जाती है, लेकिन चोरी रुकने क नाम नहीं ले रही है। खान प्रबंधक को प्रतिदिन खदानों सुरक्षा व्यवस्था उत्पादन करने की वजह सबसे पहले चोरी की घटना को लेकर खदान को संचालित करने में एड़ी चोटी एक करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

खदान से आए दिन कीमती पाट्र्स केविल कि चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी को अंजाम दिया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट खैरहा थाना में दी जाती है।

**खान प्रबंधक राजेश खंपरिया**
**राजेंद्रा भूमिगत माइंस, एसईसीएल**
**सोहागपुर एरिया**

---

## खबर संक्षेप

### हिट एंड रन : विधि व समय की मांग के अनुरूप



**रीवा ।** कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट ने कहा कि हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा लाया गया कानून पूर्णतः विधि व समय की मांग के अनुरूप है। नशाखोरी देश में इस कदर व्याप्त है कि वे वाहन चलाकर हर वर्ष देश में लगभग 50 हजार से अधिक दुर्घटना के नाम पर प्रायोजित रूप से हत्यायें करते हैं किन्तु कानून की सिथिलिता की वजह से वे दण्ड से बच जाते हैं तथा जिस परिवार का एकलौता वारिस रोड़ पर तड़फता हुआ दम तोड़ देता है उस परिवार का आशियाना उजड़ जाता है। कानून के विरुद्ध वाहन चालको व मोटर मालिकों द्वारा की जा रही हड़ताल व चकाजाम वेहद शर्मानाक व दुर्भाग्यपूर्ण है जिनके सामने सरकार को झुकने की कोई भी जरूरत नहीं है उक्त कानून पुणतः विधिक होने के साथ समय की मांग के अनुरूप है। रामराज की परिकल्पना करने वालों को इस बात का विशेष ध्यान देना होगा कि हर कानून हर आम नागरिक की सुगमता व उनकी मन्शानुरुप नहीं होना चाहिए क्योकि वनवास जाते समय हर अयोध्यावासी की इच्छा थी कि भगवान राम वनवास न जाय किन्तु श्रीराम जी ने जनभावना को प्राथमिकता न देकर नीति व सिद्धान्तों को प्राथमिकता थी उसी तारतम्य में सरकार को भी हिट एण्ड रन के मामले में कानून में किसी भी प्रकार के परिवर्तन करने की तथा ड्राइवरो व वाहन मालिको के अनर्गल व अव्यवहारिक हड़ताल के समक्ष झुकने की आवश्यकता नहीं है।

### अलोप माता मंदिर से निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा



**मऊगंज।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्रभू की मूर्ति स्थापना होने जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में रामभक्तों को निमंत्रण देने हेतु भव्य श्रीराम अक्षत कलश यात्रा सोमवार,01 जनवरी को मऊगंज अलोप माता मंदिर से जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया द्वारा स्थानीय लोगो की उपस्थिति में निकाली गई। इस कलश यात्रा में भक्ति भाव से ओत प्रोत बड़े उत्साह में एड.संतोष सिंह सेंगर,शोभित सिंह,अतुल सिंह,बब्लू सिंह,सौरभ सिंह,प्रिंस सिंह,गोल्डी सिंह,मिंटू सिंह,अनिल कोल,श्याम लाल प्रजापति,सहित बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ बेटियां और महिलाएं भी शामिल हुई। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।विदित हो कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। यह आनंद उत्सव समूचे देशभर में मनाया जाएगा। जिसके लिए समूचे देशभर में बड़ा संपर्क अभियान अक्षत वितरण के माध्यम से चलाया जा रहा है। और रामभक्तों को निमंत्रण देने हेतु घर-घर जाकर अक्षत वितरित किया जा रहा है।


### दुर्घटना में मौत होने पर अश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**मऊगंज।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं । इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है ।अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फंड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी इसके स्थान पर हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

---

# धूमधाम से मनाया गया बाबा हरि कृष्णदास जी का 99वां जन्मोत्सव

रीवा ।





इंदौर वाले साईबाबा के नाम से प्रख्यात पूज्य गुरुदेव बाबा हरिकृष्णदास जी का 99वां जन्मोत्सव दि. 01 जनवरी को गंगवानी परिवार और सर्व सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय सिंधु भवन में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविख्यात संत स्वामी हँसदास और उनके भ्राता स्वामी सरूपदास जी ने मधुर भजनो द्वारा भक्तमण्डल को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वामी हँसदास जी ने बताया कि पूज्य बाबा हरिकृष्ण दास जी ष्सादा जीवन उच्च विचारष के सूत्र पर विश्वास रखते थे। वो एक छोटी सी झोपड़ी में रहकर सदैव प्रभु भक्ति और परमार्थ चिंतन किया करते थे।उनके पास जाने वाले भक्तों को भौतिक सुखों के साथ आत्म सन्तुष्टि भी प्राप्त होती है।गंगवानी परिवार साधुवाद का पात्र है जो बाबाजी की याद में हर साल आंग्ल नववर्ष के प्रथम दिवस पर ये आयोजन कर सर्व समाज और खासकर युवा पीढ़ी को सनातन धर्म से जोड़ने का प्रयास करता है। कार्यक्रम के अंत मे आंग्ल वर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए उदासी बंधुओं द्वारा विश्व कल्याण की भावना से प्रार्थना की गई। महाआरती महापल्लव के बाद भंडारे में सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सेंट्रल पंचायत रीवा के अध्यक्ष सरदार प्रह्लाद सिंह, मैहर पंचायत के अध्यक्ष ईश्वर लाल हिरानी, सिंधु रत्न बलराम जज्ञासी, उद्धवदास माधवानी, मोहनलाल गोकलानी, रवि डावानी, हुकूमत राय होतवानी, सुदामा लाल सचदेव, गुरमुख दास मोटवानी, चंदीराम केसवानी, लधाराम ठारवानी, कमलेश सचदेव, राजकुमार टिलवानी, विजय सचदेव, महेश ठारवानी, दीपक जियानी, अनिल बुधवानी, लालचंद आहूजा, गोधू भाई, प्रकाश शिवनानी, सुरेश निरंकारी, दिलीप लेखवानी, रामचंद असनानी, लेखराज मोटवानी, मनोहरलाल गंगवानी, गिरधारी लाल गंगवानी, शंकर, प्रदीप, अमित, विक्की, विशाल सहित मातृशक्ति रेखा देवी, हेमा देवी, वर्षा देवी, लत्ता देवी, अमीषा, जानवी, महक, सौम्या, रिद्धिम सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाऐं पुरुष और युवा वर्ग उपस्थित हुआ।

---

# खनिज कार्यलिय रीवा मानचित्रकार ने खनिज अधिकारी को पढ़ाया पाठ

### माफियाओं में दौड़ी खुशी की लहर

**रीवा ।** खनिज विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो अंगद के पांव की तरह रीवा में जमें मानचित्रकार की आखिरकार दाल गल ही गई। मानचित्रकार ने खजिन अधिकारी को ऐसा पाठ पढ़ाया कि नवागत खनिज अधिकारी भ्रष्टाचारी रूपी दानव से हाथ मिला ली। यह बात जैसे खनिज माफियाओं के बीच आई तो उनके बीच खुशी की लहर दौड़ गई। विभागीय सूत्र ने बताया कि पूर्व की भांति खनिज माफिया खनिज संपदा का अवैध उत्खनन करने लगे। एक ओर जहां अवैध गिट्टी, बालू की दौड़ शुरु हो गई वहीं दूसरी ओर बाक्साइड का अवैध उत्खनन कर परिवहन किये जाने का दौर शुरू हो गया। सूत्रों से जो बात निकल कर आई उसमें बताया गया कि मानचित्रकार सहित सर्किल के खनिज अधिकारियों ने माफियाओं को बता दिया कि अधिकारी बहुत ही सख्त है बड़ी मुश्किल अवैध उत्खनन एंव परिवहन किये जाने के लिए माने है, बस मंदिर पर चढने वाले प्रसाद की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा। प्रसाद की बातें सुनकर माफियाओं के बीच थोड़ी ना नुकुर तो चली लेकिन बाद में सहर्ष स्वीकार कर लिये है। इसके पुजारी भी पूर्व की भांति मानचित्रकार को घोषित कर दिया गया है। अब जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एंव परिवहन में रौनकता लौट कर आयेगी। सीधी, शहडोल से रेत के अवैध परिवहन पर जोर बढेगा तो वही हनुमना, मऊगंज से पत्थर पटिया का यूपी में अवैध परिवहन का कारोबार फिर से शुरु होगा। दूर की बात छोड़े तो शहर से सटे क्षेत्रों में अवैध क्रेशर संचालको एवं बिना लीज के खदान चलाने वालों की बांछे खिल गई। शहर में बालू, गिट्टी, मुरूम का अवैध ठीहा जमाकर बेचने वाले अब मूछों पर ताव देते हुए दिखाई दे रहे है। यह सब मानचित्रकार की मेहरबानी का नतीजा माना जा रहा है। बताते चले कि विधानसभा चुनाव के पूर्व हुए तबादले में सीधी से रीवा खनिज विभाग की बागडोर नवागत अधिकारी को दी गई। बताते हैं कि नवागत खनिज अधिकारी ने शुरूआती दौर में ही विभाग में जमें मठाधीशों को पहचान गई और उनको दरकिनार कर खनिज माफियाओं पर टूट पड़ी और दो माह के अंदर ताबड़तोड़ कार्रवाही कर शासन को राजस्व लाभ दिलाया। खनिज अधिकारी के सख्त तेवर देख माफियाओं के बीच बौखलाहट मच गई और मानचित्रकार पर दबाव बनाते रहे। समय में पांसा पलटा और मानचित्रकार अपने मंसूबों में कायबाब हो गया। वर्तमान हालात में चालकों के आंदोलन की वजह से वाहनों के पहिये थमे हुए है लेकिन बिना लीज की खदानें से सब्बल, घन की आवाजें निकलनी शुरू हो गई है और एक बड़ा हिस्सा खनिज संपदा का उत्खनन कर चालकों की हड़ताल खत्म होने का माफिया इंतजार कर रहे हैं।

---

# जिला आबकारी कार्यालय में ऐसा कौन सा राज है दफन

### जिसकी जानकारी देने मुंह छुपा रहे अधिकारी

**रीवा ।** जिला आबकारी कार्यालय रीवा की कमान जब से विवादित जिला आबकारी अधिकारी ने संभाली है तब से कार्यालय में जमकर गोलमाल हो रहा है। शराब ठेकेदारों को वेवजह मीटिंग के नाम पर परेशान करना, शहर में सिंडीकेट बनवाकर कटनी का याराना निभाना, लिफाफे के साथ ही बेगारी करवाना, बेयर हाउस के कर्मचारी से घर में जूठन धुलवाना तो आम बातें हो गई। लेकिन यहां बात सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी पर आ गई। मनगवां के तिवनी निवासी समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने जिला आबकारी अधिकारी से सात बिंदुओ पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी, आश्चर्य की बात यह है कि समयवधि के अंदर जिला आबकारी अधिकारी ने समाजिक कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दी। आखिर ऐसा कौन सा राज जिला आबकारी कार्यालय में दबा हुआ है जिसका उजागर होने का खौफ जिला आबकारी अधिकारी को सता रहा। तीन माह गुजर गये जानकारी न मिलने और न ही जिला आबकारी कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का समाजिक कार्यकर्ता से पत्राचार किये मामला प्रथम अपील तक पहुंचा दिया। बाक्स जिला आबकारी अधिकारी की वजह लाखों रूपये का शासन को पहुंची क्षति सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी समयावधि में दिये जाने आवेदनकर्ता को 2 रूपये प्रति पेज शासन के कोष में जमा करना पड़ता है। समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा मांगी गई सात




बिंदुओ की जानकारी का 59665 पेज होता है जो 2 रूपये प्रति पेज के हिसाब से 1 लाख 19 हजार 336 रूपये होता है। उक्त जानकारी सही समय में दिये जाने पर शासन के खाते में 1 लाख 19 हजार 330 रूपये जाती। जो जिला आबकारी अधिकारी के चलते शासन के कोष को एक बड़ा झटका लगा। समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने बताया कि जब उन्होंने प्रथम अपील आबकारी विभाग के संभागीय कार्यलय में की तब जिला आबकारी अधिकारी ने पत्र दिखाते हुए कहा कि राशि जमा किये जाने के लिए कार्यालय द्वारा 5/10/23 को पत्र जारी किया गया था, जिसमें 7 दिवस के अंदर शासन की राशि जमा किये जाने का उल्लेख किया गया है। मजे की बात यह निकल कर आई कि उक्त पत्र का कहीं किसी डाक पत्र में उल्लेख नहीं था, ऐसा समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी का कहना है।

---

# छात्रावासों में फर्जी उपस्थिति के नाम पर अजाक विभाग में भ्रष्टाचार

### विभागीय जिम्मेदारों की अनदेखी से योजनाओं में पलीता लगाए जाने का आरोप

मऊगंज



जिले मे अनुसूचितजाति,अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग में छात्रावासों के नाम पर कई संस्थाओं का संचालन हो रहा है। किंतु यहां के छात्रावासों छात्रो की संख्या रिकॉर्ड में दिखाई जाती है। वह होती नहीं है। क्योंकि मॉनिटरिंग नहीं होती और सही जानकारी प्रकाश में नहीं आती। यही कारण है कि अनुपस्थित छात्रों की उपस्थिति दर्ज कर उनके नाम पर खर्च होने वाले बजट का बंदरबांट कर लिया जाता है। यह सब विभाग के जिम्मेदारों की मिली भगत से होता है। क्योंकि बजट तो जिला स्तर से जारी होता है। छात्रों के नाम पर कितना बजट मिलता है और कितने छात्रों की उपस्थिति के नाम पर उसे प्रतिमाह व्यय किया जाता है। यह सब पता किया जाए तो छात्रावासों के नाम पर व्यापक पैमाने पर खेल हो रहा है। किंतु विभागीय अधिकारियों का नियमानुसार इस पर कोई ध्यान नहीं जाता।*छात्रावास में नाम मात्र के छात्र,किंतु रिकॉर्ड में अधिक*सूत्रो ने बताया गया कि अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नईगढ़ी में निर्धारित सीटों के अनुसार छात्र संख्या दर्ज की जाती है। किंतु जब मौके पर देखा जाए तो यह संख्या चौथाई भी नहीं होती इसका मतलब है कि जिन छात्रों की फर्जी उपस्थिति दिखाई जाती है। उनके नाम पर रिकॉर्ड में मनमानी खर्च दिखाकर राशि हजम की जाती है।यदि कोई छात्रावास 50 सीटर है तो वहां उपस्थित शत प्रतिशत या उससे कुछ कम दिखाई जाती है। जबकि वास्तविक उपस्थिति बहुत कम होती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के छात्रावासों में यही खेल हो रहा है। जहां हर महीने कई लाख का बंदरबांट हो जाता है। इस तरह की उपस्थिति का मतलब है कि फर्जी उपस्थिति दिखाकर छात्रों के नाम पर मिलने वाले बजट का बंदरबांट किया जाना इस गणित से समझा जा सकता है। कि छात्रावास में किस तरह का खेल खेला जा रहा है। बताया जाता है कि एक छात्र के नाम पर एक निश्चित बड़ी राशि जारी की जाती है। किंतु जब छात्रावास में जिन छात्रों के नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज की जाती है। तो समझा जा सकता है की प्रति छात्र के नाम पर हर महीने कितना बड़ा खेल किया जाता है।नहीं मिलते मौके पर जिम्मेदार-जब कोई अधिकारी जांच करने भी पहुंचता है। तो उसे बता दिया जाता है की अधीक्षक साहब बाजार में राशन लेने गए हैं या विशेष कार्य से अन्यत्र गए हैं जबकि अधीक्षक छात्रावासों में कभी-कभार ही पहुंचते हैं। कुछ अधीक्षक तो ऐसे हैं कि जिनका निवास मुख्यालय से बाहर रहता है। और पदस्थापना दूरस्थ छात्रावास में है। बताया तो यह भी जाता है कि बच्चों को मीनू के अनुसार नाश्ता एवं खाना भी नहीं मिलता है। जबकि यदि जांच की जाए तो खुद-ब-खुद हकीकत सामने आ जाएगी।*अन्य छात्रावासों की क्या होगी स्थिति*जब छात्रावासों की स्थिति इतनी बदतर है तो समझा जा सकता है कि वहां बच्चों की हालत क्या होगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नाम पर इस तरह के छात्रावासों का संचालन इसलिए हो रहा है ताकि यहां बच्चों को सुविधाजनक तरीके से रखा जा सके। वह अपनी पढ़ाई कर सके। और शिक्षित बन सके। उन्हें आवास एवं भोजन आदि की चिंता से मुक्त रखा जा सके। किंतु यहां सुविधा के नाम पर असुविधा होगी बच्चों को खाना एवं नाश्ता समय पर गुणवत्ता के अनुसार नहीं मिलेगा इसी तरह सोने के लिए शासन की योजना अनुसार बिस्तर नहीं मिलेंगे। पढ़ने के लिए फर्नीचर नहीं उपलब्ध होगा। पेयजल एवं अन्य सुविधाओं का अभाव होगा नियमित रूप से छात्रावासों की मॉनिटरिंग नहीं होगी यदि होगी तो दिखाने के लिए खाना पूर्ति के रूप में सब कुछ ओके बता दिया जाएगा। इस तरह की स्थिति जहां होगी वहां एसटी एसएसटी के छात्रावासों के संचालन का योजनानुसार औचित्य साबित नहीं हो सकता। सवाल यह भी है के एसटी एसएसटी के बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य और आदि योजनाओं में सुविधा देने के नाम पर तो जिम्मेदारों द्वारा बड़ी-बड़ी बातें की जाती है ।यहां तक की शासन की तरफ से पर्याप्त बजट भी उपलब्ध करवाया जाता है। किंतु जहां इस तरह की योजनाओं का संचालन किया जाता है। वहां मौके पर जो दिखता है वह चौंकाने वाला होता है।इनका कहना है अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा जिले में चल रहे छात्रावासों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने के विषय की जांच कराई जाएगी। और यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन कारणों के चलते छात्रावास में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है। वहीं दोषी पाए जाने पर छात्रावास अधीक्षकों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

---

# चिकित्सा, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल महाविद्यालय में स्टाफ एवं अधोसंरचना को सुदृढ़ करें- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

रीवा!

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़ करने के लिए कुशल चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय स्टाफ तैयार करना और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए चिकित्सकीय, नर्सिंग और पैरामेडिकल विश्वविद्यालयों का सुचारू संचालन, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं पर्याप्त शैक्षणिक और सहायक स्टाफ़ की उपलब्धता अनिवार्य है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में प्रदेश में संचालित 14 मेडिकल कॉलेज के संचालन, केंद्र द्वारा पोषित 6 मेडिकल कॉलेज के निर्माण, राज्य द्वारा पोषित 4 और प्रस्तावित 12 मेडिकल कॉलेज के निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने महाविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबे बुजुर्ग की तीन दिन बाद मिली लाश

**अनूपपुर।** जिले के बसही गांव में एक बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बुजुर्ग शनिवार को तालाब में नहाने गया था, तभी पैर फिसलने से वह डूब गया था। एसडीआरएफ की टीम तीन दिनों से बुजुर्ग की तलाश कर रही थी। मंगलवार को बुजुर्ग का शव तालाब से निकाला गया। पूरा मामला राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसही का है। ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग इतवारी दास (55) पनिका तालाब में नहाने गया था, जहां शनिवार को डूब गया। ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाल लिया। टीम तीन दिनों से शव की तलाश कर रही थी। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

### मॉड्यूल अनुसार विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश



**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा बनाए गए विषय वार परीक्षा माड्यूल के अनुसार जिले के विद्यार्थियों की तैयारी कराएं। परीक्षा हेतु बचे शेष समय का सदुपयोग सुनिश्चित हो। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिला पंचायत सभागार में शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, विद्यालयों के नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए मॉड्यूल के विद्यार्थियों को वितरण के संबंध में संस्थावार जानकारी ली गई। उन्होंने प्राचार्यों को माड्यूल अनुसार विषयवार अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के समय-समय पर टेस्ट लेकर गुणवत्ता परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से परीक्षा माड्यूल की तैयारी के संबंध में संवाद कर तैयारी की जानकारी ली जाए तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने विस्तार से स्कूलवार बोर्ड परीक्षा तैयारियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा मॉड्यूल के संबंध में प्राचार्यों को गतिविधि की सतत मानीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक अधिकारियों तथा विद्यालयों के मानीटरिंग के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को भी सतत रूप से तैयारियों के लिए विद्यालयों के भ्रमण के निर्देश दिए।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई



**अनूपपुर।** आम जन की समस्याओं के निवारण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनके आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की तथा मौके पर निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में 40 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा धान विक्रय हेतु स्लाट बुक न होने, भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने, हैण्ड पम्प लगवाए जाने, पक्की सड़क का निर्माण कराए जाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने, गौशाला निर्माण हेतु किए गए मजदूरी का भुगतान न होने, सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर सहायता राशि दिलाए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# नये साल के आगाज के साथ अव्यवस्थाओं का दौर शुरू

## 'हिट एंड रन' कानून के विरोध में ड्राइवरों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

### पुलिस की निगरानी मे पेट्रोल डीजल लेने टैंकर रवाना
### अपने हक के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे-ड्राइवर संघ

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'हिट एंड रन' कानून के विरोध में ड्राइवरों की दूसरे दिन हड़ताल जारी है। जिसका असर दिखाई देने लगा है। बीती शाम से ही पेट्रोल डीजल भरवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी। जिसके चलते शहर के कुछ पेट्रोल पंप का स्टॉक खत्म हो गया, जिसकी वजह से उन पर पेट्रोल डीजल नहीं मिल पा रहा है जबकि कहीं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है वहां पर लोगों की भीड़ लग रही है।





अनूपपुर।

प्रदेश के अंतिम छोर अनूपपुर में ट्रक ड्राइवर और बस चालकों की हड़ताल से हालात बिगड़ने लगे हैं। सोमवार की देर रात तक जिले के कई पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। कई पम्पों में पेट्रोल- डीजल के लिए मारामारी तक की नौबत आ गई। बता दें कि ट्रक, बस ड्राइवर हिट एंड रन मामले में नए कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसमें 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल डीजल लेने टैंकर पुलिस की कस्टडी मे रवाना किया गया है।

साल के पहले दिन परेशान होते रहे लोग

ट्रक, बस ड्राइवर और अन्य चालकों की हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशान आम जनता हो रही है। सोमवार को नए साल के पहले दिन लोग टूरिस्ट स्पॉट की जगह पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी कतारों में खड़े हुए नजर आए। घंटों तक लाइन में लगे हुए लोग बस ये चाह रहे थे कि उनको अपनी गाड़ी में भरवाने के लिए पेट्रोल -डीजल मिल जाए क्योंकि जिस तरह हड़ताल लगातार जारी है, ये कहा जा रहा है कि कभी भी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल खत्म हो सकता है। कई पेट्रोल पंप रात तक ड्राई होने के कगार तक पहुंच चुके थे। हालांकि अनूपपुर प्रशासन दावा कर रहे हैं कि अभी डिपो में पेट्रोल का भरपूर स्टॉक है।

### अन्य जरूरतों पर भी पड़ सकता है असर

इतना ही नहीं बस चालकों की हड़ताल से कई यात्री भी बस स्टैण्ड पर परेशान होते हुए नजर आए। कई जगह सफर करने वाले लोग घंटों तक बस स्टैण्ड पर इस उम्मीद में खड़े रहे कि कोई उन्हें गंतव्य तक पहुंचा दे, लेकिन बस ड्राइवरों की हड़ताल ने यात्रियों को भी परेशान कर दिया। ऐसे में यात्री इधर उधर भटकते रहे। हड़ताल अगर जारी रही तो इसका असर दूध सब्जी और अन्य जरूरत की चीजों की सप्लाई में भी पड़ सकता है।

### वाहन चालक बता रहे काला कानून

दरअसल, केंद्र सरकार ने हिट एंड रन कानून को पास कर दिया है. इसी का ड्राइवर संगठन और अन्य संगठन भी विरोध कर रहे हैं। इस नए कानून के जरिए हिट एंड मामले में वाहन चालक को 10 साल तक की सजा और सात लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस कानून को वाहन चालक काला कानून बता रहे हैं और संशोधन की मांग उठा रहे हैं। पेट्रोल पंप ड्राई होने की स्थिति बनने पर अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर पड़ सकता है। वर्तमान समय में वाहनों के जरिए ही सभी वस्तुओं का परिवहन होता है। कमर्शियल व्हीकल बंद हो जाने पर बाजार व्यवस्था बिगड़ेगी।

### बदरा में ड्राइवरों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी

जिले सहित पूरे भारतवर्ष में हिट एंड रन कानून और नए परिवहन नियम के विरोध में ड्राइवर का विरोध प्रदर्शन जारी है इसी कड़ी में अनूपपुर जिले के थाना भालू माडा के अंतर्गत ग्राम बदरा तिराहा में एन एच 43 में सैकड़ो की संख्या में ड्राइवर द्वारा 2 जनवरी को शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए अनुरोध किया कि यह काला कानून जब तक वापस नहीं होता है तब तक ड्राइवर कोई भी गाड़ी नहीं चलाएगा चाहे वह आवश्यक सेवा हो या कोई और सेवा हो बदरा तिराहा में ड्राइवरों के आंदोलन को गति दे रहे ड्राइवर वीरेंद्र दुबे ने बताया कि भारत सरकार ने ड्राइवर के विरोध में काला कानून लाया है जो दुखदाई देने वाला कानून है हम लोग अपना काम धाम छोड़कर रोड पर उतरे हैं। इसे हर हाल में सरकार को वापस लेना होगा हम 10 हजार तनख्वाह पाने वाले ड्राइवर 10 लाख रुपए जुर्माना कहां से भरेंगे और 10 साल की सजा कैसे कटेगा हमारा परिवार नहीं है। क्या नेताओं का भी परिवार है और उनको कुछ नहीं होना है जब तक यह काला कानून वापस नहीं होगा हम गाड़ियां नहीं चलाएंगे हम ड्राइवर कभी नहीं चाहते की दुर्घटना हो यह आकस्मिक दुर्घटना होती है लेकिन मोदी और अमित शाह ने इस कानून को लाकर हमको मजबूरन रोड में ला दिया है और यह काला कानून वापस ले लेंगे तो हम अपने-अपने काम पर चले जाएंगे हम भी खुश रहेंगे। आप भी खुश रहोगे जनता भी खुश रहेगी नही तो और जनता परेशान होगी आज पेट्रोल बंद हुआ है कल हर चीज बंद हो जाएगी महंगाई चरम पर चली जाएगी और लोग भूखों मरने लगेंगे हम सब ड्राइवर बंधु एक हैं और अंतिम तक एक रहेंगे और अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

### निर्बाध आपूर्ति एवं उपलब्धता
### अमरकंटक में भी दिखा ड्राइवरों के बंद का असर

पर्यटक क्षेत्र अमरकंटक में ड्राइवरों के हड़ताल का असर देखने को मिल रहा है सुबह से ही अमरकंटक सूनसान वीरान हो गया। यहां पर लोकल ऑटो चालकों ने भी मंगलवार से गाड़ी खड़ी करके बंद का आह्वान कर दिया है।

### बनाए रखने कलेक्टर के निर्देश

ड्राईवरो की हड़ताल के चलते डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष वशिष्ठ ने जिला अंतर्गत संचालित समस्त डीजल/पेट्रोल पम्प संचालकों को डीजल/पेट्रोल की निर्बाध आपूर्ति एवं उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेट्रोल /डीजल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि 2 हजार लीटर डीजल एवं 2 हजार लीटर पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक मे रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि रिजर्व स्टॉक का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना न किया जाए।




## फोन पे पर 30 हजार क्रेडिट होने का फर्जी मैसेज डाल छात्रा से हड़प लिए 72 हजार

### स्कूल में टॉप करने पर मिली थी स्कूटी की राशि, साइबर फ्रॉड का अजीबो गरीब मामला

**चचाई।** चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत देवहरा पुलिस चौकी में साइबर फ्रॉड का अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जहां साइबर फ्रॉड ने पहले तो छात्र के फोन पे पर 30000 रुपए भेजने का फर्जी मैसेज भेजा और फिर कहा कि ज्यादा पैसे डाल दिए हैं वापस करो और छात्र को डरा धमका कर 9 बार में 72000 अपने खाते में डलवा लिए। जिसकी शिकायत पीड़ति के द्वारा थाने में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

### यह है मामला

शिकायतकर्ता सत्येंद्र कुमार पांडे पिता सनत कुमार पांडे उम्र 46 वर्ष निवासी देवहरा द्वारा शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री शिवांगी पांडे के मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कहा गया कि आपको भारत सरकार श्रम विभाग से पैसा मिलना है इसके बाद शिवांगी के फोन पे पर पहले तो 10000 रुपए और फिर 20000 रुपए प्राप्त होने का फर्जी मैसेज मिला। इसके बाद साइबर फ्रॉड ने कहा कि खाते में ज्यादा पैसा चला गया है इसे वापस करो इसके बाद छात्रा को डरा धमका कर 9 बार में 72000 रुपए अपने खाते में डलवाए लिए।

### स्कूटी खरीदी के लिए प्रदेश सरकार ने दिए थे रूपये

छात्रा शिवांगी पांडे को हायर सेकेंडरी की परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश सरकार से स्कूटी खरीदी के लिए 72000 प्रदान किए गए थे और यही राशि छात्रा के खाते में था जिस पर साइबर फ्रॉड के द्वारा धोखाधड़ी करते हुए छात्रा के खाते से यह राशि अपने खाते में डलवा ली गई। जिसकी शिकायत देवहरा पुलिस चौकी में करते हुए पीड़ति के पिता ने इस पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## श्री राम जन्मभूमि मन्दिर आमंत्रण शोभा यात्रा से नगर हुआ राममय

# अक्षत कलश को शिव मारुति मन्दिर में किया स्थापित

अनूपपुर।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अनूपपुर जिला मुख्यालय में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। मंगलवार 2 जनवरी को इस भव्य, दिव्य, श्रद्धायुक्त विशाल शोभा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। श्री राम शोभायात्रा से नगर राममय हो गया। जगह - जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने शोभायात्रा का भावमय स्वागत किया। बाद में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार मनोज द्विवेदी ने अक्षत कलश को ध्वज एवं अयोध्या से आए आमंत्रण पत्रक को शिव मारुति मन्दिर में स्थापित किया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से घर घर जाकर सभी भक्तों को अयोध्या जी आमंत्रित करने की बड़ी योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी योजना से पूर्व अनूपपुर में 2 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी की अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गयी। रजहा हनुमान मन्दिर में पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। प्रातः 11 बजे से मन्दिर परिसर में नगरवासियों का एकत्रीकरण प्रारंभ हो गया था। आजादी से दशकों पहले अयोध्या जी जाकर दर्शन करने वाले वरिष्ठ नागरिक वृंदावन चतुर्वेदी, घनश्याम दास गुप्ता, कारसेवक पूरन सिंह के साथ सैकड़ो लोगों ने रजहा हनुमान मन्दिर में पूजा अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। भगवान श्री रामजी, सीता माता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी भव्य झांकी युक्त चल समारोह रजहा श्री हनुमान मन्दिर पुरानी बस्ती से दोपहर 12 बजे प्रारंभ हो कर श्री सीताराम मन्दिर बस्ती से होकर शंकर मन्दिर चौक, अमरकंटक तिराहा, विवेकानन्द स्मार्ट सिटी, अंडरब्रिज, राम जानकी मन्दिर, आदर्श मार्ग होकर सामतपुर शिव मारुति मन्दिर पहुँच कर पूर्ण हुई। नगर के सैकड़ों राम भक्तों ने इस पावन शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो कर पुण्यलाभ अर्जित किया । श्रीराम जन्मभूमि शोभा यात्रा आयोजन समिति अनूपपुर, मप्र के सौजन्य से निकाली गयी इस अक्षत कलश शोभायात्रा में नगर के गणमान्य लोगों, गायत्री परिवार, पतंजलि योग समिति सहित विभिन्न समाजसेवी - आध्यात्मिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में रामधुन, भगवान श्री राम के जयकारों, भजन कीर्तन का गायन किया गया। लगभग इक्कीस स्थानों पर पुष्पवर्षा करते हुए भगवान श्री राम की झांकी की आरती उतारी गयी तथा प्रसाद वितरण सहित स्वल्पाहार, चाय, बिस्कुट वितरण किया गया। शोभा यात्रा के स्वागत में समाज के सभी वर्ग ने बढ कर हिस्सा किया। सामतपुर के शिव - मारुति मन्दिर में पहुँच कर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, राजेन्द्र तिवारी, मनोज द्विवेदी ने अक्षत कलश, ध्वज एवं अयोध्या से आए आमंत्रण पत्रक को मन्दिर में अर्पित/ स्थापित किया। शोभा यात्रा में मंगल कलश लिये सैकड़ों मातृशक्तियों ने सहभागिता निभाई। शोभायात्रा में मन्दिरों के विभिन्न आचार्य, पुजारीगण शंख, घडियाल, झांझ आदि से मंगल वादन करते रहे। कार्यक्रम की पूर्णता भगवान श्री राम एवं हनुमान जी की सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। श्री राम अक्षत कलश शोभा यात्रा से नगर का माहौल राममय हो गया।




## घर में घुस कर मारपीट करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

# पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

अनूपपुर।



जिले के चचाई थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत धिरौल में निवास करने वाली महिला सियाबाई चंदेल पति सुखनन्दन सिंह, राजेश्वरी सिंह पति स्व. ओंकार सिंह सभी निवासी ग्राम धिरोल वार्ड नम्बर 03 की निवासी ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि रात्रि लगभग 11 बजे हमारे घर में आरोपी राजा पटेल पिता बालकरण, मस्तराम पिता बालकरण, कैलास साहू, पप्पू पटेल पिता श्रीधर पटेल, सुनील यादव पिता हीरालाल यादव, आलोक पाण्डेय पिता लक्ष्मीकांत पाण्डेय, विवेक गौतम पिता ओमप्रकाश सभी निवासी धिरौल साथ ही राजन तिवारी पिता विनोद तिवारी निवासी देवहरा सभी गिरोह बनाकर सबसे पहले घर के बाहर का बल्ब फोड दिए व घर का दरवाजा खटखटाने लगे व लकड़ी के दरवाजे को लात, हाकी, डण्डा व तलवार से तोड दिये घर के बाहर भी लगभग 20 से 25 लोग खड़े थे जिनको हम नहीं पहचान पाए व उक्त आरोपी 1 से 8 तक जो घर में दरवाजा तोडकर घुसे थे। गाली देने लगे व प्रार्थिनी के हाथ में व शरीर में डण्डा से वार किए तो प्रार्थिनी वही गिर गई फिर प्रार्थिनी के पति जो बृद्ध व 85 वर्ष के हॉर्ट पेसेन्ट है वह विस्तर में ही रहते है चलना फिरना बहुत कम होता है उनको विस्तर से उठाकर जमीन में पटक दिए घर के अंदर सब तोड फोड़ दिए व एक व्यक्ति का कपडा भी आंगन व किचन में छूट गया। घर पर शोर सुनकर प्रार्थिया की बहु राजेश्वरी सिंह स्व. ओंकार सिंह उठ गई तो उसे भी इन आरोपियो के द्वारा धक्का मारते हुए अभद्रता की गई, हम दोनो की इनके मारपीट व झीना झपटी से हाथ की चूड़ियां भी टूट गई। इनके द्वारा लाए गए कुछ डण्डे व कपडे मफलर घर में पड़े है इनके इस गिरोह बनाकर की गई बलवा से हमारा परिवार डरा सहमा हुआ है। जब हमारे बच्चे पुलिस को फोन किए और पुलिस का सायरन सुनने के बाद भागने लगे व बोले कि कब तक तुम लोगो को पुलिस बचाएगी हम आज किसी भी को जान से खत्म नही कर रहे है फिर एक दिन आण्ंगे और सभी को इसी घर में बोटी-बोटी कर फेक देगे। आरोपीगण द्वारा फोन से भी लगातार धमकिया दी जा रही है। आरोपियो द्वारा घर में घुसकर किए गए बलवा मारपीट गाली व जॉन से मारने की धमकी की रिपोर्ट विधिवत लिखवाकर प्रार्थिनीगण व उनके परिवार की जान माल की रक्षा कराए।



## क्रिकेट टूर्नामेंट का कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने किया उद्घाटन

**अनूपपुर।** जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम अमिलिहा मे नए वर्ष के उपलू 01 जनवरी को क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अनूपपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने करते हुये खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनके साथ बल्ले से खेल का आनंद भी उठाया किया, इस दौरान, सरपंच जगमतिया बाई, रामचन्द्र यादव, गणेश प्रसाद सोनी, जुरेश प्रसाद सोनी, दीप, उमा सोनी, निर्मल सोनी अनिल सोनी राजेन्द्र जोड, प्रेम लाल कोल, सीताराम सोनी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि खेल गतिविधियों का युवाओं के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभागियों में खेल भावना के गुण पैदा करते हैं जो उन्हें एक सफल जीवन जीने में सक्षम बनाते हैं।

**प्रतियोगिता मे 16 टीमें ले रही भाग-** ग्राम अमिलिहा मे आयोजित स्व. जगन्नाथ सोनी क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया की टूनार्मेंट मे कुल 16 टीमें भाग ले रही है, टूनार्मेंट का पहला मैच अमलाई व पटना के मध्य खेला गया जहाँ टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पटना के 14 ओवर मे 170 रन का लक्ष्य दिया, जहाँ अमलाई 164 रन ही बना सकी इस तरह से पटना 05 रन से विजयी हुई।